**<u>लोकसभा</u>**

**तारांकित प्रश्न संख्या *188**

**02 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए**

**सीएसआर धनराशि का उपयोग**

***188. डॉ॰ ढालसिंह बिसेनः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) धनराशि का उपयोग किये जाने हेतु क्या दिशा-निर्देश हैं;

(ख) उस कार्य का ब्यौरा क्या है जिसके लिए सीएसआर राशि व्यय की जाती है तथा इस राशि का उपयोग किन-किन स्थानों पर किया जाता है;

(ग) नागपुर जोन के अंतर्गत आने वाले वे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कौन-से हैं जिनके अंतर्गत मैंग्नीज़ ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) की खानें अवस्थित हैं;

(घ) एमओआईएल द्वारा उपरोक्त क्षेत्रों में वर्ष 2009 से 2019 के बीच वर्ष-वार आवंटित सीएसआर राशि कितनी है; और

(ङ) उक्त संसदीय क्षेत्रों हेतु उपयोग की गई सीएसआर राशि का कार्य/वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"सीएसआर धनराशि का उपयोग" के बारे में डॉ. ढाल सिंह बिसेन, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 02 दिसंबर, 2019 को उत्तर देने के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *188 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): भारत सरकार ने अगस्त, 2013 में कंपनी अधिनियम, 2013 को लागू किया। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के विषय से संबंधित है और इसमें कंपनियों की निवल संपत्ति, कारोबार तथा निवल लाभ के आधार पर अर्हता मानदंड निर्धारित किए जाते हैं जो सीएसआर की शुरुआत करने के लिए अपेक्षित हैं। सीएसआर क्रियाकलापों को समय-समय पर यथासंशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अंतर्गत सामान्य रूप से सूचीबद्ध किया गया है। उक्त अधिनियमन के पश्चात कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीएसआर नियमों को तैयार किया है। लोक उद्यम विभाग ने भी केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय पर दिशा-निर्देश जारी किया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार इस्पात मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कम से कम औसत निवल लाभ का 2% निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व क्रियाकलापों के लिए निर्धारित किया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में सीएसआर क्रियाकलापों के मुख्य क्षेत्रों को सामान्य रूप से सूचीबद्ध किया गया है और इसमें अन्य बातों के साथ-साथ शिक्षा तथा स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों के जरिए सतत आय अर्जन, दिव्यांगों को सहायता, जल तथा स्वच्छता सुविधाएं, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेल-कूद प्रशिक्षण, परंपरागत कला एवं संस्कृति इत्यादि को प्रोत्साहन शामिल है। इस्पात मंत्रालय के अधीन सीपीएसई द्वारा सीएसआर क्रियाकलाप/परियोजनाएं मुख्य रूप से इस्पात संयंत्रों, इस्पात टाउनशिप तथा खानों के परिधीय क्षेत्रों के आसपास की जाती है।

(ग): नागपुर जिला के अंतर्गत आने वाले दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामशः नागपुर तथा रामटेक में मॉयल की खान स्थित हैं।

(घ): उपर्युक्त क्षेत्रों समेत वर्ष 2009 से 2019 तक मॉयल द्वारा सीएसआर के तहत आवंटित बजट का विवरण **अनुलग्नक I** में दिया गया है।

(ङ): उक्त निर्वाचन क्षेत्रों (नागपुर तथा रामटेक) के लिए सीएसआर राशि के उपयोग का विवरण **अनुलग्नक II** में दिया गया है।

****

**<u>अनुलग्नक-I</u>**

**(लोकसभा तारांकित प्रश्न सं. 188, दिनांक 02.12.2019)**

नागपुर तथा रामटेक संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों समेत वर्ष 2009 से 2019 तक मॉयल द्वारा सीएसआर के तहत आवंटित बजट संबंधी ब्यौरा निम्नवत् है:

| **वित्त वर्ष** | **आवंटित सीएसआर बजट (लाख रुपये में)** |
|---|---|
| 2009-10 | 156.97 |
| 2010-11 | 542.00 |
| 2011-12 | 628.00 |
| 2012-13 | 950.00 |
| 2013-14 | 1000.00 |
| 2014-15 | 1419.00 |
| 2015-16 | 1430.00 |
| 2016-17 | 1127.00 |
| 2017-18 | 922.00 |
| 2018-19 | 925.00 |

**<u>अनुलग्नक-II</u>**

**(लोकसभा तारांकित प्रश्न सं. 188, दिनांक 02.12.2019)**

निर्वाचन क्षेत्र (नागपुर और रामटेक) में सीएसआर राशि के उपयोग का कार्य/वर्ष-वार ब्यौरा निम्नवत् है:

**<u>2009-10</u>**

| **संसदीय निर्वाचन क्षेत्र** | **किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम** | **सीएसआर व्यय (लाख रुपये में)** |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | नागपुर एयरपोर्ट स्थित बगीचे की देख-रेख | 3.31 |
| | नागपुर स्थित लता मंगेशकर अस्पताल में वाक चिकित्सा हेतु ध्वनि कक्ष का निर्माण | 3.88 |
| | एनकेपी साल्वे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, नागपुर के माध्यम से 100 मोतियाबिंद सर्जरियाँ | 1.00 |
| | सीएसआर के अंतर्गत खापा में समाज भवन का निर्माण | 2.00 |
| | साऊथ इंडियन एजुकेशन सोसाईटी नागपुर में क्लास रूमों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता | 2.50 |
| | अपंग कल्याणकारी संघ नागपुर को वित्तीय सहायता | 0.87 |
| | महाराष्ट्र वन विकास निगम की सहायता से जैविक पार्क की स्थापना करना | 40.00 |
| | **कुल** | **53.56** |

**2010-11**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | नागपुर के बेसा में निसर्गशाला का निर्माण | 6.25 |
| | नागपुर एयरपोर्ट स्थित बगीचे की देख-रेख | 3.87 |
| | सातुक से बेलडोंगरी तक तार रोड का निर्माण | 43.69 |
| | नागपुर के अस्पताल में एक्स-रे मशीन समेत चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति | 5.00 |
| | नागपुर जिला के मूक एवं बधिर स्कूल सोनेर में शौचालयों का निर्माण | 1.65 |
| | महाराष्ट्र वन विकास निगम की सहायता से जैविक पार्क की स्थापना करना | 70.55 |
| | एनकेपी साल्वे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नागपुर के माध्यम से 100 मोतियाबिंद सर्जरियाँ | 6.87 |
| | **कुल** | **137.88** |

**2011-12**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | नागपुर को तिपहिया प्रदान करना | 0.40 |
| | एनकेपी साल्वे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, नागपुर के माध्यम से 500 मोतियाबिंद सर्जरियाँ | 5.00 |
| | काटोल रोड, नागपुर में गर्मी के दौरान पेयजल की आपूर्ति | 0.31 |
| | मुरे मेमोरियल अस्पताल, नागपुर के मरीजों को ले जाने हेतु बस प्रदान करना | 9.66 |
| | नागपुर जिला के रामटेक म्युनिसिपल काउंसिल हेतु वृक्ष रक्षक देना | 16.57 |
| | रोड डिवाइडर काटोल रोड, नागपुर में वृक्षारोपण की देखरेख | 0.94 |
| | महाराष्ट्र वन विकास निगम की सहायता से जैविक पार्क की स्थापना करना जैविक पार्क नागपुर | 27.09 |
| | गुमगाँव में क्रिमेशन शेड का निर्माण तथा अन्य संबंधित कार्य | 5.06 |
| | नागपुर जिला के रामटे के कैंची गाँव में तार सड़क तथा सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण | 10.00 |
| | तहसील रामटेक गाँव कालाफाटा में तार सड़क का निर्माण | 55.73 |
| | नागपुर जिला के डुमरी से सातुक गाँव तक तार सड़क का निर्माण | 78.30 |
| | नागपुर जिला के सातुक गाँव में पुलिया का निर्माण | 2.00 |
| | **कुल** | **211.06** |

**2012-13**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | मॉयल खानों के आसपास के खनन क्षेत्रों के पिछड़े गाँवों के इंडिया मार्क, 11 हैंडपंपों की आपूर्ति और संस्थापना | 7.85 |
| | नागपुर जिला के फेतरी गाँव मं संप वाले पेयजल पाइप लाइन लगाना | 8.50 |
| | नागपुर में मॉयल खानों के आसपास के ग्रामीण समुदायों में दृष्टि दोष और दृष्टिहीनता को कम करने के लिए परियोजना - जीवन हेतु प्रकाश | 20.84 |
| | नागपुर के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित बस्ती में लिटरसी पार्क का विकास | 40.03 |
| | नागपुर जिला के सातुक गाँव में पुलिया का निर्माण | 2.64 |
| | नागपुर जिला के फेतरी गाँव में स्टील लाइट उपलब्ध कराना | 7.44 |
| | नागपुर जिला के दुमरी गाँव से सातुक गाँव तक तार रोड का निर्माण | 7.20 |
| | **कुल** | **94.50** |

**2013-14**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | नागपुर के पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराना | 11.00 |
| | नागपुर के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित बस्ती में लिटरसी पार्क का विकास | 18.75 |
| | नागपुर जिले के खापा गाँव में नगर भवन (कम्यूनिटी हॉल) का निर्माण | 27.88 |
| | एसआरपीएफ, हिंगाना, जिला नागपुर में 4000 वृक्षों का रोपण | 4.92 |
| | एआरपीएफ, हिंगाना, जिला नागपुर में वृक्षारोपण के लिए खुदाई | 2.24 |
| | फेतरी गाँव, जिला नागपुर में स्ट्रीट लाईट का संस्थापन | 0.62 |
| | फेतरी गाँव, जिला नागपुर में पेयजल पाइप लाइन बिछाना | 3.60 |
| | आदर्श गाँव में फोडरर और फ्यूल के साथ बायोडाइवर्सिटी पार्क | 6.00 |
| | **कुल** | **75.01** |

**2014-15**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | खापा, जिला नागपुर में नगर भवन (कम्यूनिटी हॉल) का निर्माण | 76.10 |
| | वर्षा जल संग्रहण के जल भंडारण के लिए चेक डैम का निर्माण-गाँव-फेतरी जिला-नागपुर (एम.एस) | 6.35 |
| | फेतरी गाँव, नागपुर (एम.एस) में सेंट जोसेफ स्कूल के लिए अपरोच रोड का निर्माण | 33.00 |
| | सूरज आई इंस्टीट्यूट नागपुर के सहयोग से दृष्टिदोष और दृष्टिहीनता को कम करने के लिए - जीवन हेतु प्रकाश | 22.49 |
| | नागपुर जिला में बोरवेल द्वारा पेयजल उपलब्ध कराना | 13.33 |
| | मॉयल फाउंडेशन द्वारा छह गाँवों में समुदाय विकास कार्यक्रम | 10.69 |
| | लता मंगेशकर हॉस्पिटल के माध्यम से जरुरतमंद गरीब रोगियों (100) को मोतियाबिंद सर्जरी जैसे स्वास्थ्य देखभाल संबंधी अन्य कार्य | 2.98 |
| | नवीन देशाई स्कूल, गाँव पंचगाँव, जिला नागपुर के लिए प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद | 2.50 |
| | उपाय, एनजीओ को मोबाइल लाइब्रेरी की आपूर्ति | 5.00 |
| | **कुल** | **172.44** |

**2015-16**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | नागपुर जिला (एम.एस) के विभिन्न गाँवों में दृष्टिदोष और दृष्टिहीनता को कम करने के लिए - जीवन हेतु प्रकाश | 25.01 |
| | स्वामी विवेकानंदा हायर सेकेंडरी स्कूल, देवलपुर, तहसील रामटेक जिला नागपुर | 18.00 |
| | नागपुर जिला के गाँवों में बोरवेल द्वारा पेयजल उपलब्ध कराना | 10.00 |
| | नागपुर जिला के हिंगना और आसपास गाँवों में जरुरतमंद गरीब रोगियों (500) के मोतियाबिंद सर्जरी, सामुदायिक नेत्ररोग निदान परियोजना | 7.55 |
| | नागपुर में क्लिप लेफ्ट एंड लेफ्ट पैलेट के लिए 25 रोगियों को प्रायोजित करना | 3.00 |
| | नागपुर के सड़क के किनारे के डिवाइडर के पास वृक्षारोपण का रख-रखाव | 13.36 |
| | मॉयल फाउंडेशन द्वारा छह गाँवों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम | 93.78 |
| | **कुल** | **170.70** |

**2016-17**

| **संसदीय निर्वाचन क्षेत्र** | **किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम** | **सीएसआर व्यय (लाख रुपये में)** |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | प्रचालन खानों के समीप रहने वाले स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास | 16.60 |
| | नागपुर जिला के सोनेर तहसील के उमरी गाँव में आरसीसी निकास नली का विकास | 12.45 |
| | नागपुर जिला के सोनेर में मूक एवं बधिर स्कूल की छत का निर्माण | 10.83 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के रामटेक तहसील के मूसीवाड़ी में काशी देवी स्कूल (सरकारी सहायता प्राप्त) में शौचालय एवं मूत्रालय ब्लॉकों का निर्माण | 6.08 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के कंपटी में रामकृष्ण सारदा मिशन स्कूल ऑफ होम साइंस की दीवार का निर्माण | 15.29 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के रामटेक तहसील के मूसीवाड़ी में काशी देवी स्कूल (सरकारी सहायता प्राप्त) में शौचालय एवं मूत्रालय ब्लॉकों का निर्माण | 6.08 |
| | मॉयल खानों के आसपास ग्रामीण समुदायों में दृष्टिदोष तथा दृष्टिहीनता को कम करने के लिए परियोजना - जीवन हेतु प्रकाश | 35.04 |
| | नागपुर जिला के फेतरी गाँव के विभिन्न वार्डों में सीमेंट कंक्रीट सड़क एवं निकास नली का निर्माण | 29.55 |
| | एनएमसी द्वारा चल रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों हेतु वृक्ष कवच की आपूर्ति | 10.11 |
| | सामुदायिक विकास कार्यक्रम | 35.11 |
| | नागपुर जिला के फेतरी गाँव में ह्यूम पाइप पुलिया की मरम्मत | 5.30 |
| | नागपुर जिला के खापा गाँव में रोड पर तारकोल बिछाना | 13.68 |
| | नागपुर जिला के फेतरी गाँव में सभा मंडप का निर्माण | 14.01 |
| | नागपुर जिला के फेतरी गाँव में सार्वजनिक पार्क में बेंचों को लगाना | 0.80 |
| | तहसील नगभीड़ एवं चिमूर को एम्बुलेंस एवं शव वाहन की आपूर्ति | 31.02 |
| | कटे होठों की सर्जरियों हेतु 30 मरीजों को प्रायोजित करना | 3.00 |
| | सातुक गाँव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण | 3.32 |
| | मरणासन्न बीमार मरीजों को वित्तीय सहायता | 0.90 |
| | विज्ञान भारती का प्रायोजन करना | 1.00 |
| | विभिन्न गाँवों में हैंड पंपो को लगाना एवं बोरवेल खोदना | 6.21 |
| | फेतरी गाँव में योगा केन्द्र हेतु उपकरण की आपूर्ति | 1.25 |
| | मॉयल फाउंडेशन के छह गाँवों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम | 76.32 |
| | **कुल** | **333.95** |

**2017-18**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर/रामटेक (महाराष्ट्र) | प्रचालन खानों के आसपास के स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम | 22.02 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के रामकृष्ण मिशन स्कूल कंपटी को डेस्क एवं बेंचों की आपूर्ति | 2.80 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के डीएवी, मुंसर के सहयोग से नए स्कूल का निर्माण | 3.82 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के आदर्श स्कूल, मुंसर में परिसर दीवार का निर्माण | 5.54 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के रामटेक में जल तालाब से गाद निकालना | 5.80 |
| | नागपुर जिला (एम.एस) के बनपुरी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना | 1.48 |
| | जरुरतमंद गरीब मरीजों की मोतियाबिंद सर्जरियाँ करने के लिए सामुदायिक नेत्र रोग निदान परियोजना | 2.00 |
| | जरुरतमंद गरीब मरीजों की मोतियाबिंद सर्जरियाँ करने के लिए सामुदायिक नेत्र रोग निदान परियोजना | 2.15 |
| | नेत्र सुरक्षा हेतु नेत्र शिविर लगाना और मोतियाबिंद मरीजों को अभिज्ञात करना तथा मोतियाबिंद सर्जरियाँ करना | 2.30 |
| | क्लिप लेफ्ट और लेफ्ट पेलैट सर्जरी हेतु 35 मरीजों को प्रायोजित करना | 3.35 |
| | लोक बिरादरी प्रकल्प के लिए दवाइयाँ दान करना | 0.50 |
| | हमारी खानों के निकटवर्ती क्षेत्रों में हैंड पंपों को लगाना तथा बोरवेल खोदना | 5.01 |
| | नागपुर जिला के मूक एवं बधिर स्कूल सानोर को डेस्क बैंचों की आपूर्ति करना | 2.79 |
| | मॉयल फाउंडेशन के छह गाँवों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम | 93.10 |
| | **कुल** | **152.66** |

**2018-19**

| संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | किए गए सीएसआर क्रियाकलाप का नाम | सीएसआर व्यय (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| नागपुर और रामटेक (महाराष्ट्र) | कौशल विकास गतिविधि | 16.41 |
| | नागपुर जिला के आदर्श स्कूल कंदरी में सीमा दीवार का निर्माण | 4.36 |
| | इस्कोन नागपुर द्वारा संचालित मध्याहन भोजन के वितरण हेतु वाहन प्रदान करना | 6.28 |
| | सरस्वती लाइब्रेरी नागपुर को प्रोजेक्टर स्क्रीन, बुक सेलव्स तथा अन्य लाइब्रेरी उपकरण प्रदान करना | 4.00 |
| | मुंसर के डीएवी स्कूल हेतु भू-तकनीकी परीक्षण समेत स्थल विकास का कार्य | 24.47 |
| | नागपुर जिला के रामटेक में समर्थ हाईस्कूल में शौचालय एवं मूत्रालय का निर्माण | 4.39 |
| | नागपुर जिला के रामटेक तहसील के कैंची गाँव मे सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण | 5.66 |
| | सीए रवि कुमार एवं सहयोगी (चार तिमाहियों) द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम हेतु तिमाही ऑडिट का संचालन | 1.41 |
| | नागपुर जिला के तिघाई गाँव में निकास नली का निर्माण | 6.05 |
| | शारदा स्कूल कंपटी में चार दीवारी का निर्माण | 6.78 |
| | कूड़ा संग्राहक ट्रॉलियों की व्यवस्था करके प्रत्येक घर से कूड़ा इकट्ठा करने की प्रणाली का प्रावधान; बर्नपुर गाँव, जिला नागपुर में फिनिश सोसाइटी के जरिए कंपोस्ट खाद बनाने के लिए गड्ढ़ों का निर्माण | 1.30 |
| | आईआईटी मुंबई द्वारा समुदाय विकास कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन के लिए अध्ययन, पहला बिल प्राप्त | 3.83 |
| | नागपुर जिला के सरकारी स्कूल सानोर में गर्ल्स शौचालयों का निर्माण | 0.77 |
| | लता मंगेशकर अस्पताल नागपुर द्वारा जरुरतमंद गरीब मरीजों के लिए कुल 104 मोतियाबिंद सर्जरियाँ | 1.04 |
| | महात्मा गाँधी अस्पताल, नागपुर द्वारा जरुरतमंद गरीब मरीजों के लिए कुल 200 मोतियाबिंद सर्जरियाँ | 2.00 |
| | रोटरी क्लब, नागपुर द्वारा जरुरतमंद गरीब बच्चों के लिए क्लेफ्ट लिप सर्जरियाँ | 3.00 |
| | रामकृष्ण मठ, नागपुर द्वारा चलाए जा रहे अस्पताल को ईसीजी मशीनें एवं 40 केवीए जेनरेटर प्रदान करना | 6.33 |
| | मॉयल फाउंडेशन के छह गाँवों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम | 85.18 |
| | **कुल** | **183.26** |

**